आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 30.09.2024 समय: 2.10 PM

अस्पताल निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज तथा संजय गांधी हास्पिटल रीवा परिसर में निर्माणाधीन कैंसर यूनिट के नवीन भवन की प्रगति का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भवन का निर्माण शीघ्र पूरा करायें। कैंसर के उपचार के लिए 32 करोड़ रूपये की लागत की आधुनिक लीनेक मशीन रीवा के लिए खरीदी गयी है। भवन का निर्माण पूरा होते ही रोगियों को कैंसर की जांच और उपचार की सुविधा मिल जायेगी। रोगियों को भोपाल, नागपुर, मुम्बई नहीं जाना पड़ेगा। श्री शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के विस्तार के लिए स्वीकृत नवीन भवन निर्माण का भी निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करायें जिससे सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में 400 बेड में उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सके।

सरकार के सौ दिन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व में केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे हो गए हैं. इस दौरान कई जन कल्याणकारी कदम उठाये गए हैं. प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना महिलाओं और युवाओं के जीवन में एक सुखद बदलाव लेकर आई है। बुरहानपुर की स्वाति प्रजापति ने बताया कि इस योजना के माध्यम से मिले प्रशिक्षण से वे अपने हुनर को निखारकर जीवन को एक नई दिशा दे रही है।

स्वच्छता की पाठशाला

बैतूल में आज स्कूली बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने के लिए नवाचार किया जा रहा है। स्वच्छता की पाठशाला के नाम से इस नवाचार कार्यक्रम को केंद्र सरकार के अर्बन स्वच्छता भारत मिशन ने अपने ट्विटर हैंडल पर ट्वीट कर उसकी सराहना की है। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि स्वच्छता की पाठशाला में 150 शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 13 हजार विद्यार्थियों को एक साथ शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया । पाठशाला में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी, डॉक्टर एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, विभागों के प्रमुख शामिल हुए ।

मिथुन-दादा साहब फाल्के पुरस्कार

जाने माने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह पुरस्कार अगले महीने 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी घोषणा करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि कोलकाता की सड़कों से लेकर फिल्म जगत की ऊंचाईयों तक पहुंचने की मिथुन दा की उपलब्धियां कई पीढ़ियों को प्रेरित करती हैं। पुरस्कार की घोषणा पर मिथुन चक्रवर्ती ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संवाददाताओं से कहा कि वह यह पुरस्कार अपने परिवार और प्रशंसकों को समर्पित करते हैं।

मौसम

प्रदेश में अब तेज बारिश का सिलसिला कम गया है। हालांकि कुछ जिलों में रिमझिम बारिश जारी है। प्रदेश में अब तक 18 प्रतिशत से

ज्यादा बारिश हो चुकी है। 10 जिले तो ऐसे हैं, जहां बारिश का आंकड़ा 50 इंच के पार हो चुका है। आज भी भोपाल, इंदौर समेत 37 जिलों में बूंदाबांदी की सम्भावना है, लेकिन कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में धूप निकलेगी। मौसम विभाग ने बताया कि बारिश कराने वाला सिस्टम अब थम जाएगा। ऐसे में तेज धूप निकलने का अनुमान है। इससे पहले कल इंदौर, भोपाल, उज्जैन, शिवपुरी, रतलाम समेत प्रदेश के 10 जिलों में पानी गिरा। शिवपुरी स्थित अटलसागर डैम के दो गेट खोलने पड़े । वहीँ,भोपाल के भदभदा और कलियासोत डैम के 1-1 गेट खोले गए हैं।

समाचार संक्षेप में...

1. प्रदेश में कल एक अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस तथा 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।

2. नर्मदापुरम में वृद्धजन देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत कल 1 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में वृद्धजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आभा हेल्थ आईडी तथा आयुष्मान कार्ड भी बनाए जायेंगे।

3. शिवपुरी जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कृषि वैज्ञानिक और कृषि क्षेत्र से जुडे छात्रों ने कृषि विज्ञान केंद्र और गांवों में कृषक चौपाल तथा रैली निकालकर किसानों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया।

4. आगर मालवा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा कल स्थानीय नेहरू शासकीय महाविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मतिथि पर व्याख्यान माला का आयोजन किया।

5. पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में कल का दिन रेलवे परिसर में स्थित बेस किचन, रेस्टोरेंट, फूड स्टॉल एवं फ़ूड ट्रॉलियों की साफ-सफाई के रूप में मनाया गया ।